दिनांक : 22.08.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

**प्रधानमंत्री बिहार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज बिहार के गयाजी में लगभग 13 हजार करोड़ रूपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने प्रमुख बौद्ध स्थलों पर पर्यटन और धार्मिक यात्रा को बढ़ावा देने के लिए गया और दिल्ली के बीच अमृतभारत एक्सप्रेस और वैशाली और कोडरमा के बीच बुद्ध सर्किट ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि गया जी की यह धरती अध्यात्म और शांति की धरती है। गयाजी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत बहुत प्राचीन और समृद्ध है।

वहीं प्रधानमंत्री श्री मोदी आज कोलकाता में भी नवनिर्मित खंडों पर मेट्रो ट्रेन सेवा के शुभारंभ के साथ ही कई विकास परियोजनाओं की शुरूआत करेंगे।

**लोकार्पण**

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी कल जबलपुर में राज्य के सबसे बड़े और अत्याधुनिक फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे। करीब 1 हजार 52 करोड़ की लागत से तैयार यह फ्लाईओवर मदनमहल से दमोह नाका तक फैला हुआ है और इसकी कुल लंबाई 6. 855 किलोमीटर है। उद्‌घाटन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

**आरोग्य शिविर**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल बालाघाट जिले के बैहर में महा आरोग्य शिविर का शुभारंभ किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बैहर जैसे स्थान पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

किया जाना एक सराहनीय प्रयास है। इसका लाभ इस क्षेत्र की आदिवासी जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं से गरीबो का जीवन संवर रहा है।

## गेमिंग विधेयक

'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक 2025' पारित होने के बाद ड्रीम स्पोर्ट्स, गेम्सक्राफ्ट, मोबाइल प्रीमियर लीग और जूपी जैसी प्रमुख रियल मनी गेमिंग कंपनियों ने अपने गेमिंग प्लेटफॉर्म पर पैसों से खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम्स पर रोक लगाना शुरू कर दिया है। विधेयक में वित्तीय लाभ के लिए पैसे दांव पर लगाकर खेले जाने वाले कौशल–आधारित या अवसर –आधारित सभी ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाया गया है। राज्य सायबर सेल के इंदौर झोन पुलिस अधीक्षक सव्यसाची सराफ ने केंद्र सरकार के इस कदम को समाज और देशहित में एक बड़ा कदम बताते हुये कहा कि साइबर धोखाधड़ी को रोकने की दिशा में यह एक सकारात्मक पहल है।

## मौसम

प्रदेश में भारी बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों के लिए अगले चार दिन के दौरान बारिश का अलर्ट जारी किया है। आज श्योपुर, मंदसौर और नीमच सहित 18 जिलों में भारी बारिश होने वहीं, राजधानी भोपाल और अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है।

## आजीविका फ्रेश

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व-सहायता समूहों का दो दिवसीय 'आजीविका फ्रेश' मेला भोपाल हाट में 23 एवं 24 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। मेले का शुभारंभ पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा किया जायेगा।

समाचार संक्षेप में .....

मध्यप्रदेश भवन दिल्ली में आज सुरमयी सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा । **इस अवसर पर सुप्रसिद्ध नृत्यांगना लता सिंह मुंशी एवं उनके समूह द्वारा भरतनाट्यम प्रस्तुत किया जायेगा।**

जर्मनी की 5 अग्रणी टेक कंपनियों के प्रतिनिधि मंडल का आज मध्यप्रदेश दौरे का अंतिम दिन है।

इंदौर में लोकमाता देवी माँ अहिल्याबाई होल्कर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज शहर के राजवाड़ा स्थित उनकी प्रतिमा पर कई जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण किया।

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रायसेन यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर सडक पर घूमने वाले मवेशियों को रेडियम पट्टी लगाई।

छिंदवाडा जिले के अमरवाड़ा सिविल अस्पताल में कल सिकल सेल उन्मूलन शिविर में सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग कर उपचारित किया गया।

**---------------**